भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1125
दिनांक 5 फरवरी, 2026

संचालित ल्यूब संयंत्र

†1125. **डॉ. थोल तिरूमावलवनः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत संचालित ल्यूब संयंत्रों की संख्या का कोई डेटा है; यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) देश में उत्पादित विभिन्न प्रकार के ल्यूब्रिकेंट्स की मात्रा कितनी है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) सार्वजनिक क्षेत्र की तेल और गैस कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, देश में 22 कार्यात्मक ल्यूब संयंत्र हैं। निजी क्षेत्र की कंपनियों में कार्यरत ल्यूब संयंत्र के संबंध में सूचना सरकार द्वारा नहीं रखी जाती। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश में ल्यूब्स की कुल खपत 4581 टीएमटी थी जबकि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा ल्यूब का उत्पादन लगभग 1300 टीएमटी था।

(ख) रिफाइनरियों से ल्यूब बेस ऑयल के विभिन्न ग्रेड का उत्पादन किया जा रहा है और उनके संबंधित ब्रांड नामों के तहत विपणन किया जा रहा है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ ऑटोमोटिव ल्यूब्रिकेंट, औद्योगिक ल्यूब्रिकेंट, स्पेशिलिटी ल्यूब्रिकेंट शामिल हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश में उत्पादित प्रमुख ल्यूब्रिकेंट की मात्रा का ब्यौरा निम्नानुसार है:

ल्यूब्रिकेंट का प्रकार	उत्पादित मात्रा (टीएमटी)
औद्योगिक तेल	510
ऑटोमोटिव तेल	280
ऑटोमोटिव ल्यूब्स	300
औद्योगिक ल्यूब्स	150
ग्रीस/स्पेशिलिटी ल्यूब्रिकेंट	60

*****